(1100/KN/KKD)

1100 बजे

(माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए)

निधन संबंधी उल्लेख

1100 बजे

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे अत्यंत दुख के साथ हमारे आठ पूर्व साथियों के निधन के संबंध में सभा को सूचित करना है।

श्री खेलन राम जांगड़े 8वीं और 10वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने अविभाजित मध्य प्रदेश के बिलासपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री जांगड़े इससे पहले वर्ष 1980 से 1984 तक मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य भी रहे।

श्री खेलन राम जांगड़े का निधन 74 वर्ष की आयु में 30 अप्रैल, 2021 को बिलासपुर में हुआ।

श्री सुरेन्द्र यादव 11वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के खलीलाबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री सुरेन्द्र यादव गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के सदस्य रहे।

श्री सुरेन्द्र यादव का निधन 78 वर्ष की आयु में 30 अप्रैल, 2021 को खलीलाबाद में हुआ।

श्री दामोदर बरकू शिंगदा 7वीं, 8वीं, 9वीं, 10वीं और 14वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने महाराष्ट्र के दहानू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री शिंगदा अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति, याचिका संबंधी समिति और विदेशी मामलों संबंधी समिति के सदस्य रहे।

श्री दामोदर बरकू शिंगदा का निधन 66 वर्ष की आयु में 02 मई, 2021 को पालघर में हुआ।

श्री दह्याभाई वल्लभभाई पटेल 13वीं और 14वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने दमन और दीव तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र के दमन और दीव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री पटेल विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे। इससे पहले वे दमन और दीव की प्रदेश परिषद के भी सदस्य रहे।

श्री दह्याभाई वल्लभभाई पटेल का निधन 76 वर्ष की आयु में 03 मई, 2021 को मुम्बई में हुआ।

श्री शिवराज सिंह लोधी 15वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने मध्य प्रदेश के दमोह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री लोधी खाद्य, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण संबंधी समिति के सदस्य रहे। इससे पहले वे दो कार्यकाल के लिए मध्य प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे।

श्री शिवराज सिंह लोधी का निधन 77 वर्ष की आयु में 17 मई, 2021 को भोपाल में हुआ।

श्री बाबागौड़ा पाटील 12वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने कर्नाटक के बेलगाम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री बाबागौड़ा पाटील ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के रूप में सेवाएँ दीं। इससे पहले श्री पाटील वर्ष 1989 से 1994 तक कनार्टक विधान सभा के सदस्य भी रहे।

श्री बाबागौड़ा पाटील का निधन 76 वर्ष की आयु में 21 मई, 2021 को बेलगावी में हुआ।

श्री जी. माडेगौड़ा 9वीं और 10वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने कर्नाटक के मान्डया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री माडेगौड़ा सभा पटल पर रखे गए पत्रों संबंधी समिति के सदस्य रहे। श्री जी. माडेगौड़ा छह कार्यकाल के लिए कर्नाटक विधान सभा के सदस्य रहे। उन्होंने कर्नाटक सरकार में मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री जी. माडेगौड़ा का निधन 93 वर्ष की आयु में 17 जुलाई, 2021 को मान्डया में हुआ।

(1105/GG/RP)

श्री परसराम मेघवल 11वीं लोक सभा के सदस्य थे, जिन्होंने राजस्थान के जालौर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री परसराम मेघवाल परिवहन तथा पर्यटन संबंधी समिति के सदस्य रहे।

श्री परसराम मेघवाल का निधन 66 वर्ष की आयु में 21 जुलाई, 2021 को जालौर में हुआ।

हम अपने पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

(तत्पश्चात् सदस्यगण थोड़ी देर मौन खड़े रहे।)

… (व्यवधान)

1107 बजे

(इस समय श्री कल्याण बनर्जी, श्री रितेश पाण्डेय, श्री रवनीत सिंह और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

…(व्यवधान)

(प्रश्न 221)

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): धन्यवाद माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूँ कि प्रधान मंत्री मोदी जी की सरकार में कनेक्टिविटी के नाम पर, चाहे वह रेल हो या सड़क हो, बहुत ज्यादा तेज़ी से विकास हुआ है। … (व्यवधान) इसी लिहाज़ से हरियाणा प्रदेश में मेरे संसदीय क्षेत्र भिवानी-महेन्द्रगढ़ में दो डिमांड्स थीं। … (व्यवधान) एक रेलवे लाइन, जो कि भिवानी से लोहारु होते हुए राजस्थान जाती है। … (व्यवधान) दूसरी अलवर से नारनौल और महेन्द्रगढ़ हो कर जाती है। … (व्यवधान) दोनों डिमांड्स आज से नहीं, जब से हरियाणा प्रदेश बना है, तब से चली आ रही हैं। … (व्यवधान) इस संबंध में में कई बार सर्वे हो चुके हैं। … (व्यवधान) सर्वे में कभी फिज़िबल तो कभी नॉट फिज़िबल हो जाती है। … (व्यवधान) हरियाणा सरकार ने भी 49 पर्सेंट पैसा देने के लिए एक रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवल्पमेंट कॉर्पोरेशन सन् 2017 में बनाया है। … (व्यवधान) अब तो माननीय गडकरी जी ने एक नया रोड भी बनाया है। … (व्यवधान) जो दिल्ली-मुंबई कॉरिडोर बना है, अलवर से ले कर पांच राज्यों के लिए नया ग्रीन कॉरिडोर लगभग एक साल के बाद तैयार हो जाएगा। … (व्यवधान) वह कॉरिडोर अलवर से ले कर कोठपुतली-नारनौल, महेन्द्रगढ़ और पंजाब को जाता है। … (व्यवधान) यह एक साल में तैयार हो जाएगा। … (व्यवधान) उसके तैयार होने के बाद भी दोनों साइड में जमीन फिर भी फालतू बची रहेगी। … (व्यवधान) मेरी सरकार से यह प्रार्थना है कि मेहरबानी कर के ये दोनों रेल लाइनें - भिवानी से लोहारु और अलवर से नारनौल, महेन्द्रगढ़ और दादरी होते हुए इसी कॉरिडोर के साथ बनायी जाए। … (व्यवधान)

महोदय, प्रार्थना यही है कि हरियाणा प्रदेश को बने हुए आज 50 साल से ऊपर का समय हो चुका है। … (व्यवधान) इसलिए रेल मंत्री जी से मेरी प्रार्थना है कि इसमें नेगेटिव जवाब देने की बजाय हमें यह आश्वासन जरूर दें कि आने वाले समय में दोनों रेलवे लाइनें बनेंगी। … (व्यवधान)

श्री दानवे रावसाहेब दादाराव : अध्यक्ष महोदय, यह बात सही है कि मोदी जी के नेतृत्व में रेल और रोड का विकास बहुत तेज़ी से हो रहा है। … (व्यवधान) माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, वह उनके लोक सभा मतदाता क्षेत्र में भिवानी से लोहारु रेल मार्ग से संबंधित है। … (व्यवधान)

(1110/RV/NKL)

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह जानकारी देना चाहता हूं कि भिवानी रेल लाइन, हरियाणा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन और केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार का 51 प्रतिशत और केन्द्र सरकार के 49 प्रतिशत शेयर के साथ बनाई गई है।… (व्यवधान) इसकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट 519 करोड़ रुपये की है।… (व्यवधान) हरियाणा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने जो प्रस्ताव दिया है, उसमें यह 'अनवाएबल' बताया गया है।… (व्यवधान)

श्री धर्मवीर सिंह (भिवानी-महेन्द्रगढ़): अगर हरियाणा सरकार इन दोनों रेल लाइनें - भिवानी-लोहारू रेल लाइन और महेन्द्रगढ़-नारनौल-अलवर रेल लाइन - के लिए अपना 51 प्रतिशत हिस्सा पहले ही जमा करवा देती है तो क्या आप उस पर विचार करेंगे?… (व्यवधान)

श्री दानवे रावसाहेब दादाराव : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, वह इस प्रश्न का भाग नहीं है, लेकिन मैं माननीय सदस्य से अलग से मिल कर इसकी जानकारी लूंगा।… (व्यवधान)

SHRI ANUBHAV MOHANTY (KENDRAPARA): Thank you so much, Sir. … (*Interruptions*)

सर, मैं यहां पर केन्द्रपाड़ा संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं।… (व्यवधान) हमारे क्षेत्र में आज़ादी के बाद से किसी ने रेलगाड़ी नहीं देखी थी, पर हम नवीन पटनायक सर एवं केन्द्र सरकार के शुक्रगुज़ार हैं कि आज़ादी के बाद अब कम से कम वहां पर फ्रेट कारें चलने लगीं हैं।… (व्यवधान)

महोदय, मैंने इस साल के बजट सत्र में इसी सदन में 'डिमांड्स-फॉर-ग्रांट्स' पर हो रही चर्चा के दौरान पूछा था कि केन्द्रपाड़ा में पैसेंजर ट्रेनें कब चलेंगी क्योंकि वहां के लोगों की यह डिमांड है और पैसेंजर ट्रेन्स पर हमारा हक भी है, जो पूरे देश के साथ हमें कनेक्ट कर सकती हैं।… (व्यवधान) लेकिन, उसके जवाब में मुझे यह मिला कि 'Kendrapara road is at a distance of 5 kilometres from Cuttack, and that is why, Kendrapara road is operationally not feasible at present'. … (*Interruptions*)

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी को बताना चाहूंगा कि केन्द्रपाड़ा रोड, जो स्टेशन बताया जा रहा है, यह कटक से पाँच किलोमीटर की दूरी पर है, लेकिन वह केन्द्रपाड़ा डिस्ट्रिक्ट के अन्दर नहीं आता है।… (व्यवधान) केन्द्रपाड़ा डिस्ट्रिक्ट एक स्वतंत्र डिस्ट्रिक्ट है, जहां पर आज तक पैसेंजर ट्रेन्स नहीं चली हैं।… (व्यवधान) वह कटक से 7 किलोमीटर की दूरी पर है।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, प्लीज़।

… (व्यवधान)

श्री अनुभव मोहंती (केन्द्रपाड़ा): वहां लोगों के लिए पैसेंजर ट्रेन्स की सुविधा का होना बहुत जरूरी है।… (व्यवधान) वहां इसकी बहुत आवश्यकता है।… (व्यवधान) आपसे मेरी विनती है कि हमारे लोगों के हक के लिए, वहां पर रेवेन्यू जेनरेशन के लिए, वहां के युवाओं के रोजगार के लिए और केन्द्रपाड़ा के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए वहां एक पैसेंजर ट्रेन का परिचालन जल्द-से-जल्द शुरू करें।… (व्यवधान) मेरी आपसे, मेरी पार्टी बीजू जनता दल की तरफ से एवं केन्द्रपाड़ा वासियों की तरफ से यह विनती है।… (व्यवधान)

श्री दानवे रावसाहेब दादाराव : अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न पूछा है, मैं इसकी जानकारी जरूर लूंगा और इसकी सभी जानकारी उनके साथ शेयर करूंगा।… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, सदन की गरिमा को बनाए रखें, यह तरीका ठीक नहीं है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : नो, यह गलत तरीका है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह बिल्कुल गलत है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : आप संसद की मर्यादा और आसन का अपमान करने की कोशिश मत कीजिए। यह उचित नहीं है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : यह गलत तरीका है।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : सदन की कार्यवाही साढ़े ग्यारह बजे तक स्थगित की जाती है।

1113 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा ग्यारह बजकर तीस मिनट तक
के लिए स्थगित हुई।

(1130/MY/MMN)

1130 बजे

लोक सभा ग्यारह बजकर तीस मिनट पर पुनः समवेत् हुई।

(श्री राजेन्द्र अग्रवाल पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

1130 बजे

(इस समय सुश्री महुआ मोइत्रा, श्री हिबी इडन, एडवोकेट ए.एम. आरिफ, श्री गुरजीत सिंह औजला डॉ. कलानिधि वीरास्वामी, श्रीमती हरसिमरत कौर बादल और कुछ अन्य माननीय सदस्य आकर पटल के निकट खड़े हो गए।)

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: प्रश्न संख्या 222, श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी जी

… (व्यवधान)

श्री दानवे रावसाहेब दादाराव: सभापति महोदय, विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।… (व्यवधान)

(pp.6-30)

माननीय सभापति: माननीय सदस्यगण, पहले ही संसद की, लोक सभा की मर्यादा भंग हो रही है। उसकी कुछ सीमा भी होती है।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: नहीं-नहीं, चेयर के आगे प्लेकार्ड लाना बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है। आप प्लेकार्ड लहरा रहे हैं, नारे लगा रहे हैं, वेल में आ रहे हैं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: सुनिए, आप माननीय सदस्य हैं, सब नियमों को जानते हैं।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: यह गलत बात है। आप ऐसा कुछ मत कीजिए कि चेयर को कार्रवाई करनी पड़े। Please put it down.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please put it down. No, it is not fair. यदि सभापति या अध्यक्ष जी खड़े हुए हैं तो कृपया करके आप थोड़ा पीछे हटिए। यह ठीक नहीं है। आप मर्यादा की उल्लंघन की सीमा को स्पर्श मत कीजिए। यह उचित नहीं है।

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Please go to your seats. आप अपनी-अपनी सीट्स पर वापस जाइए। अपने स्थान पर बैठिए। अभी प्रश्नोत्तर चलने दीजिए और इस प्लेकार्ड को नीचे कीजिए।

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: No, it is not acceptable. प्लीज, आप बैठ जाइए।

… (व्यवधान)

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही बारह बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

… (व्यवधान)

1132 बजे

तत्पश्चात् लोक सभा बारह बजे तक के लिए स्थगित हुई।

(1200/CP/VR)

1200 बजे

लोक सभा बारह बजे पुनः समवेत् हुई।

(श्री राजेन्द्र अग्रवाल पीठासीन हुए)

… (व्यवधान)

1200 hours

(At this stage, Dr. Amar Singh, Shri P. R. Natarajan, Sushri Mahua Moitra, Dr. T. Sumathy Alias Thamizhachi Thangapandian and some other hon. Members came and stood near the Table.)

… (व्यवधान)

स्थगन प्रस्ताव की सूचनाओं के संबंध में विनिर्णय

1200 बजे

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, कुछ विषयों पर माननीय अध्यक्ष जी को स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं। अध्यक्ष जी ने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है।

… (व्यवधान)

सभा पटल पर रखे गए पत्र

1201 बजे

माननीय सभापति : अब पत्र सभा पटल पर रखे जाएंगे।

आइटम नंबर 3 से 10 तक, श्री अर्जुन राम मेघवाल जी।

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : सभापति महोदय, श्री राज नाथ सिंह जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) (एक) एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी, बंगलौर के वर्ष 2018-2019 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा लेखापरीक्षित लेखे।

(दो) एरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी, बंगलौर के वर्ष 2018-2019 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा के बारे में विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) ।

(2) उपर्युक्त (1) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

...

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : सभापति महोदय, मैं पंद्रहवीं, सोलहवीं और सत्रहवीं लोक सभा के विभिन्न सत्रों के दौरान मंत्रियों द्वारा दिए गए आश्वासनों, वचनों तथा परिवचनों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई दर्शाने वाले निम्नलिखित विवरणों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं:-

पंद्रहवीं लोक सभा

1.	विवरण संख्या 34	पांचवां सत्र, 2010
2.	विवरण संख्या 29	तेरहवां सत्र, 2013
3.	विवरण संख्या 24	चौदहवां सत्र, 2013
4.	विवरण संख्या 25	पन्द्रहवां सत्र, 2013-14

सोलहवीं लोक सभा

5.	विवरण संख्या 24	दूसरा सत्र, 2014
6.	विवरण संख्या 24	तीसरा सत्र, 2014
7.	विवरण संख्या 23	चौथा सत्र, 2015
8.	विवरण संख्या 20	पांचवां सत्र, 2015
9.	विवरण संख्या 20	छठा सत्र, 2015
10.	विवरण संख्या 18	आठवां सत्र, 2016

11.	विवरण संख्या 17	नौवां सत्र, 2016
12.	विवरण संख्या 15	दसवां सत्र, 2016
13.	विवरण संख्या 15	ग्यारहवां सत्र, 2017
14.	विवरण संख्या 13	बारहवां सत्र, 2017
15.	विवरण संख्या 12	तेरहवां सत्र, 2017-18
16.	विवरण संख्या 11	चौदहवां सत्र, 2018
17.	विवरण संख्या 10	पन्द्रहवां सत्र, 2018
18.	विवरण संख्या 8	सोलहवां सत्र, 2018-19
19.	विवरण संख्या 7	सत्रहवां सत्र, 2019

सत्रहवीं लोक सभा

20.	विवरण संख्या 6	पहला सत्र, 2019
21.	विवरण संख्या 5	दूसरा सत्र, 2019
22.	विवरण संख्या 4	तीसरा सत्र, 2020
23.	विवरण संख्या 3	चौथा सत्र, 2020
24.	विवरण संख्या 1	पांचवां सत्र, 2021

...

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : सभापति महोदय, श्री दानवे रावसाहेब दादाराव जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) राइट्स लिमिटेड तथा रेल मंत्रालय के बीच वर्ष 2020-2021 के लिए हुआ समझौता-ज्ञापन।

(दो) भारतीय रेल वित्त निगम लिमिटेड तथा रेल मंत्रालय के बीच वर्ष 2020-2021 के लिए हुआ समझौता-ज्ञापन।

(तीन) रेल विकास निगम लिमिटेड तथा रेल मंत्रालय के बीच वर्ष 2020-2021 के लिए हुआ समझौता-ज्ञापन।

(2) खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की धारा 28 की उप-धारा (1) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ. 2807(अ) जो 13 जुलाई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की पहली अनुसूची के भाग ख में निर्दिष्ट सभी या किसी शक्ति का उपयोग करने के

लिए परमाणु खनिज अन्वेषण और अनुसंधान निदेशालय के, उसमें उल्लिखित, अधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है।

(दो) का.आ. 2805(अ) जो 13 जुलाई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 की पहली अनुसूची के भाग ख में यथानिर्दिष्ट किसी दंडनीय अपराध के संबंध में लिखित में शिकायतें प्राप्त करने के लिए परमाणु खनिज अन्वेषण और अनुसंधान निदेशालय के, उसमें उल्लिखित, अधिकारियों को प्राधिकृत किया गया है।

...

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : सभापति महोदय, श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी की ओर से, मैं निम्नलिखित पत्र सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) एमएमटीसी लिमिटेड तथा वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के बीच वर्ष 2020-2021 के लिए हुए समझौता-ज्ञापन की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(2) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 394 की उप-धारा 1(ख) के अंतर्गत निम्नलिखित पत्रों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) पीईसी लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 के कार्यकरण की सरकार द्वारा समीक्षा।

(दो) पीईसी लिमिटेड, नई दिल्ली के वर्ष 2019-2020 का वार्षिक प्रतिवेदन, लेखापरीक्षित लेखे और उन पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियां।

(3) उपर्युक्त (2) में उल्लिखित पत्रों को सभा पटल पर रखने में हुए विलंब के कारण दर्शाने वाला विवरण (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण)।

(4) विशेष आर्थिक क्षेत्र अधिनियम, 2005 की धारा 55 की उप-धारा (3) के अंतर्गत विशेष आर्थिक जोन (संशोधन) नियम, 2021 जो दिनांक 21 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 424(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिंदी तथा अंग्रेजी संस्करण) तथा एक व्याख्यात्मक ज्ञापन।

(5) विदेश व्यापार (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1992 की धारा 19 की उप-धारा (3) के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ. 1372 (अ) जो 26 मार्च,2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो मिलर्स/रिफाइनर्स/व्यापारियों द्वारा राजवित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए आयात की जाने वाली उडद के 4 लाख एमटी वार्षिक कोटा को अधिसूचित करने के बारे में है।

(दो) का.आ. 1858 (अ) जो 15 मई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो तत्काल प्रभाव से और 31 अक्तूबर, 2021 तक की अवधि के लिए तूर, मूंग और उड़द के लिए आयात नीति का ''प्रतिबंधित'' से ''मुक्त'' के रूप में संशोधन किए जाने के बारे में है।

(तीन) का.आ. 4741 (अ) जो 29 दिसम्बर, 2020 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस) निर्यात नीति, 2018, अध्याय 10, अनुसूची 2, क्रमांक 55 और 57 की नीतिगत शर्त में संशोधन किए जाने के बारे में है।

(चार) का.आ. 1145 (अ) जो 11 मार्च, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा लाल चन्दन का निर्यात-समय विस्तार के बारे में है।

(पांच) का.आ. 1548 (अ) जो 11 अप्रैल, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो रेमडेसिविर और रेमडेसिविर एपीआई इंजेक्शन की निर्यात नीति में संशोधन के बारे में है।

(छह) का.आ. 2070 (अ) जो 31 मई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो राजस्व आसूचना निदेशालय द्वारा लाल चन्दन का निर्यात-समय विस्तार के बारे में है।

(सात) का.आ. 2103 (अ) जो 01 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एम्फोटेरिसिन-बी इंजेक्शनों की निर्यात नीति में संशोधन के बारे में है।

(आठ) का.आ. 2332 (अ) जो 14 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो रेमडेसिविर और रेमडेसिविर एपीआई इंजेक्शन की निर्यात नीति में संशोधन के बारे में है।

(नौ) का.आ. 2663 (अ) जो 01 जुलाई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस) निर्यात नीति, 2018, अध्याय 10, अनुसूची 2, क्रमांक 55 और 57 की नीतिगत शर्त में संशोधन के बारे में है।

(दस) का.आ. 2803 (अ) जो 12 जुलाई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो वर्ष 2021-22 से 2023-24 के दौरान मालदीव गणराज्य को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के बारे में है।

(ग्यारह) का.आ. 638 (अ) जो 10 फरवरी, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो खाद्य आयात प्रवेश बिन्दुओं के बारे में है।

(बारह) का.आ. 656 (अ) जो 12 फरवरी, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो विदेश व्यापार नीति 2015-2020 के अध्याय-एक और अध्याय-दो के अंतर्गत आयातक-निर्यातक संहिता (आईईसी) संबंधी उपबंधों के संशोधन के बारे में है।

(तेरह) का.आ. 1427(अ) जो 31 मार्च, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस), 2017, अनुसूची-एक (आयात नीति) के अध्याय-74 और अध्याय-76 के अंतर्गत तांबे और एल्युमिनियम की आयात नीतिगत में संशोधन के बारे में है।

(चौदह) का.आ. 1699(अ) जो 26 अप्रैल, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (आईआईएस), 2017, अनुसूची-एक (आयात नीति) के अध्याय-85 के एचएस कोड 85167920 और 85167990 के अंतर्गत नीतिगत शर्त के समावेश और आयात नीति में संशोधन के बारे में है।

(पंद्रह) का.आ. 1700(अ) जो 26 अप्रैल, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस), 2017, अनुसूची-एक (आयात नीति) के अध्याय-12 के एचएस कोड 12077090 के अंतर्गत अन्य के बारे में है।

(सोलह) का.आ. 1723 (अ) जो 30 अप्रैल, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो विदेश व्यापार नीति 2015-20 के पैरा 2.25 में संशोधन के बारे में है।

(सत्रह) का.आ. 1840(अ) जो 10 मई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो एकीकृत परिपथों (आईसी) की आयात नीति में संशोधन और आईटीसी (एचएस), 2017, अनुसूची-एक (आयात नीति) के अध्याय-85 के एचएस कोड 85423100, 85423900, 85423200, 85429000 और 85423300 की निर्यात नीति के समावेश के बारे में है।

(अठारह) का.आ. 2608(अ) जो 28 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस), 2017, अनुसूची-एक (आयात नीति) के अध्याय-07 के एक्जिम कोड 07019000 के अंतर्गत मदों के लिए निर्यात नीति शर्तों में संशोधन के बारे में है।

(उन्नीस) का.आ. 2621(अ) जो 30 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस), 2017, अनुसूची-एक (आयात नीति) के अध्याय-15 के एचएस कोड 151190 के अंतर्गत मदों की आयात नीति में संशोधन के बारे में है।

(बीस) का.आ. 2659(अ) जो 1 जुलाई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईईसी के संशोधन की अवधि को 31.07.2021 तक आगे बढ़ाए जाने और जुलाई, 2021 के दौरान आईईसी अद्यतन किए जाने के लिए शुल्क माफ किए जाने के बारे में है।

(इक्कीस) का.आ. 2783(अ) जो 12 जुलाई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जो आईटीसी (एचएस), 2017, अनुसूची-एक (आयात नीति) के अध्याय-48 की नीतिगत शर्तों में संशोधन के बारे में है।

(6) तम्बाकू बोर्ड अधिनियम, 1975 की धारा 30 की उप-धारा 3 के अंतर्गत निम्नलिखित अधिसूचनाओं की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण):-

(एक) का.आ. 2304(अ) जो 14 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा आंध्र प्रदेश राज्य में सरकार द्वारा यथा-निर्धारित शास्तियां प्रभारित करके नीलामी प्लेटफॉर्मों पर अतिरिक्त अप्राधिकृत तम्बाकू खरीदने के लिए तम्बाकू व्यापारियों/डीलरों को अनुमति देने के लिए तम्बाकू बोर्ड को प्राधिकृत किया गया है तथा आंध्र प्रदेश राज्य में तम्बाकू बोर्ड अधिनियम, 1975 की धारा 10(1) के उपबंधों के प्रवर्तन को शिथिल बनाया गया है।

(दो) का.आ. 2305(अ) जो 14 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था तथा जिसके द्वारा अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से प्रारंभ होने वाली और 30 नवम्बर, 2021 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए आंध्र प्रदेश राज्य में तम्बाकू बोर्ड अधिनियम, 1975 की धारा 10(1) के उपबंधों के प्रवर्तन को शिथिल बनाया गया है।

...

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : सभापति महोदय, प्रो. एस. पी. सिंह बघेल जी की ओर से, मैं विधिक सेवाएं प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 30 की उप-धारा (1) के अंतर्गत उच्चतम न्यायालय विधिक सेवाएं समिति (संशोधन) नियम, 2021, जो 18 मार्च, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. सा.का.नि. 198(अ) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

...

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : सभापति महोदय, श्री सोम प्रकाश जी की ओर से, मैं उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 की धारा 6 अंतर्गत जारी अधिसूचना सं. का.आ. 2710(अ) जो 6 जुलाई, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा सीमेंट उद्योग विकास परिषद की स्थापना की गई है और उसमें उल्लिखित व्यक्तियों को इस आदेश के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए उक्त परिषद के सदस्यों के रूप में कार्य करने के लिए नियुक्त किया गया है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

...

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : सभापति महोदय, एडवोकेट अजय भट्ट जी की ओर से, मैं आधार (वित्तीय और अन्य सहायिकियों, प्रसुविधाओं और सेवाओं का लक्ष्यित परिदान) अधिनियम, 2016 की धारा 4 की उप-धारा (4) के अंतर्गत जारी अधिसूचना सं. का.नि.आ. 18 जो 26 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुई थी तथा जिसके द्वारा यह अधिसूचित किया गया है कि पेंशन प्रसुविधाएं प्राप्त करने के लिए पात्र व्यक्ति, उसमें उल्लिखित दिशा-निदेशों के अध्यधीन, स्पर्श में पहचान के लिए स्वैच्छिक आधार पर आधार अधिप्रमाणन का उपयोग कर सकता है, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

...

संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अर्जुन राम मेघवाल) : सभापति महोदय, श्री देवुसिंह चौहान जी की ओर से, मैं भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 37 अंतर्गत दूर संचार (प्रसारण और केबल) सेवाएं इंटरकनेक्शन (एड्रेसेबल सिस्टम्स) (तीसरा संशोधन) विनियम, 2021 (2021 का 1) जो 11 जून, 2021 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं. एफ. सं. आरजी-1/2(3)/2021-बी और सीएस (2) में प्रकाशित हुए थे, की एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं।

...

MESSAGE FROM RAJYA SABHA

SECRETARY-GENERAL: Sir, I have to report the following message received from the Secretary General of Rajya Sabha:-

> "In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha at its sitting held on the 3rd August, 2021 agreed without any amendment to the Insolvency and Bankruptcy Code (Amendment) Bill, 2021 which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 28th July, 2021."

...

अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति
9वां से 11वां प्रतिवेदन

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर): महोदय, मैं अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

(1) विद्युत मंत्रालय से संबंधित 'एनएचपीसी लिमिटेड में रोजगार में अन्य पिछड़ा वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' के बारे में अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण संबंधी समिति के पहले प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी समिति (2021-22) का 9वां प्रतिवेदन।

(2) शिक्षा मंत्रालय से संबंधित 'केन्द्रीय विद्यालयों/नवोदय विद्यालयों और सैनिक स्कूलों/ राष्ट्रीय सैनिक स्कूलों में प्रवेश और रोजगार में अन्य पिछड़ा वर्गों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए किए गए उपाय' के बारे में समिति के दूसरे प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी समिति (2021-22) का 10वां प्रतिवेदन।

(3) रसायन और उर्वरक मंत्रालय से संबंधित 'नेशनल फर्टीलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) में रोजगार में ओबीसी का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने और उनके कल्याण के लिए किए गए उपाय' के बारे में समिति के पांचवें प्रतिवेदन (17वीं लोक सभा) में अंतर्विष्ट टिप्पणियों/सिफारिशों पर सरकार द्वारा की-गई-कार्रवाई संबंधी समिति (2021-22) का 11वां प्रतिवेदन।

…

STANDING COMMITTEE ON EXTERNAL AFFAIRS
Statement

SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI): Sir, I beg to lay on the Table the Statement (Hindi and English versions) showing Further Action taken by the Government on the Observations/ Recommendations contained in the Fifth Report of the Committee on External Affairs on the replies to the Observations/ Recommendations contained in the First Report on 'Demands for Grants of the Ministry of External Affairs for the year 2019-20'.

…

STANDING COMMITTEE ON CHEMICALS AND FERTILIZERS

23rd Report

SHRI UDAY PRATAP SINGH (HOSHANGABAD): Sir, I beg to present the Twenty-third Report (Hindi and English versions) on 'The National Institute of Pharmaceutical Education and Research (Amendment) Bill, 2021' of the Standing Committee on Chemicals and Fertilizers (2020-21).

…

STANDING COMMITTEE ON TRANSPORT, TOURISM AND CULTURE

299th and 300th Reports

SHRI TAPIR GAO (ARUNACHAL EAST): Sir, I beg to lay on the Table the following Reports (Hindi and English versions) of the Standing Committee on Transport, Tourism and Culture:-

(1) Two Hundred Ninety-ninth Report on the 'Action Taken by the Government on the Recommendations/ Observations of the Committee contained in its Two Hundred Eighty-ninth Report on Demands for Grants (2021-22) of Ministry of Culture'.

(2) Three Hundredth Report on 'Promotion of Infrastructure in India's Maritime Sector'.

…

STATEMENT RE: STATUS OF IMPLEMENTATION OF RECOMMENDATIONS / OBSERVATIONS IN 106TH REPORT OF STANDING COMMITTEE ON PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES, LAW AND JUSTICE - LAID

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY, MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF EARTH SCIENCES, MINISTER OF STATE IN THE PRIME MINISTER'S OFFICE, MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PERSONNEL, PUBLIC GRIEVANCES AND PENSIONS, MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF ATOMIC ENERGY, AND MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF SPACE (DR. JITENDRA SINGH): Sir, I beg to lay a statement regarding the status of implementation of the recommendations/ observations contained in the 106th Report of the Standing Committee on Personnel, Public Grievances, Law and Justice on Demands for Grants (2021-2022) pertaining to the Ministry of Personnel, Public Grievances and Pensions.

रेल संबंधी स्थायी समिति के 7वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य – सभा पटल पर रखा गया

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री; कोयला मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा खान मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दानवे रावसाहेब दादाराव): महोदय, मैं रेल मंत्रालय से संबंधित अनुदानों की मांगों (2021-2022) के बारे में रेल संबंधी स्थायी समिति के 7वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में एक वक्तव्य सदन के पटल पर रखता हूं।

…

(1205/NK/SAN)

रक्षा संबंधी स्थायी समिति के चौथे, छठे, आठवें और 41वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में वक्तव्य- सभा पटल पर रखा गया

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय में राज्य मंत्री (एडवोकेट अजय भट्ट): सभापति महोदय, मैं निम्नलिखित वक्तव्य सभा पटल पर रखता हूं:

(1) रक्षा मंत्रालय से संबंधित 'आयुध निर्माणियां, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय और राष्ट्रीय कैडेट कोर (मांग संख्या 19 और 20)' के बारे में वर्ष 2019-20 के लिए रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों के संबंध में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के चौथे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(2) रक्षा मंत्रालय से संबंधित 'थल सेना, नौसेना, वायु सेना और संयुक्त स्टाफ (मांग संख्या 19 और 20)' के बारे में वर्ष 2020-21 के लिए रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों के बारे में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के छठे प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(3) रक्षा मंत्रालय से संबंधित 'आयुध निर्माणियां, रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन, गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय और राष्ट्रीय कैडेट कोर (मांग संख्या 19 और 20)' के संबंध में वर्ष 2020-21 के लिए रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों के संबंध में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के आठवें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

(4) रक्षा मंत्रालय से संबंधित 'थल सेना, नौसेना और वायु सेना (मांग संख्या 20)' के बारे में वर्ष 2018-19 के लिए रक्षा मंत्रालय की अनुदानों की मांगों के संबंध में रक्षा संबंधी स्थायी समिति के 41वें प्रतिवेदन में अंतर्विष्ट सिफारिशों के कार्यान्वयन की स्थिति।

MOTIONS RE: APPOINTMENT OF NEW MEMBERS TO THE JOINT COMMITTEE ON THE PERSONAL DATA PROTECTION BILL, 2019

1206 hours

SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI): Sir, I rise to move:

> ""That this House do appoint *Thiru* Dayanidhi Maran, Dr. Satya Pal Singh and Smt. Aparajita Sarangi to the Joint Committee on the Personal Data Protection Bill, 2019 in the vacancies caused by the resignation of Smt. Kanimozhi Karunanidhi from the Joint Committee and induction of Smt. Meenakashi Lekhi and Shri Ajay Bhatt to the Union Council of Ministers."

माननीय सभापति (श्री राजेन्द्र अग्रवाल): प्रश्न यह है:

> "कि यह सभा वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक, 2019 संबंधी संयुक्त समिति से श्रीमती कनिमोझी करूणानिधि के त्यागपत्र तथा श्रीमती मीनाक्षी लेखी और श्री अजय भट्ट के केन्द्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल होने से उत्पन्न हुई रिक्तियों पर थिरू दयानिधि मारन, डॉ. सत्यपाल सिंह और श्रीमती अपराजिता सारंगी को संयुक्त समिति में नियुक्त करती हैं।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

SHRI P. P. CHAUDHARY (PALI): Sir, I rise to move:-

> "That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do appoint four Members of Rajya Sabha to the Joint Committee on the Personal Data Protection Bill, 2019 in the vacancies caused by the retirement of Prof. Ram Gopal Yadav from Rajya Sabha and resignation of Shri Bhupender Yadav, Shri Rajeev Chandrasekhar and Shri Ashwini Vaishnaw from the Joint Committee on the Personal Data Protection Bill, 2019 and communicate to this House the names of the Members so appointed by Rajya Sabha to the Joint Committee."

माननीय सभापति: प्रश्न यह है:

"कि यह सभा राज्य सभा से सिफारिश करती है कि राज्य सभा प्रो. राम गोपाल यादव की राज्य सभा से सेवानिवृत्ति तथा श्री भूपेन्द्र यादव, श्री राजीव चन्द्रशेखर और श्री अश्विनी वैष्णव के त्यागपत्र के कारण उत्पन्न हुई रिक्तियों पर वैयक्तिक डाटा संरक्षण विधेयक, 2019 संबंधी संयुक्त समिति के लिए राज्य सभा के चार सदस्यों को नियुक्त करे और राज्य सभा द्वारा संयुक्त समिति के लिए इस प्रकार नियुक्त सदस्यों के नाम इस सभा को सूचित करे।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

माननीय सभापति: सभा की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

… (<u>व्यवधान</u>)

1208 बजे

<u>तत्पश्चात् लोक सभा चौदह बजे तक के लिए स्थगित हुई।</u>

(1400/SNT/SK)

1400 hours

The Lok Sabha re-assembled at Fourteen of the Clock.

(Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

… (*Interruptions*)

1400 hours

(*At this stage, Shri T. N. Prathapan, Shri Kalyan Banerjee, Shri E.T. Mohammed Basheer, Shri Bhagwant Mann and some other hon. Members came and stood near the Table.*)

… (*Interruptions*)

नियम 377 के अधीन मामले - सभा पटल पर रखे गए

1400 बजे

माननीय सभापति : माननीय सदस्यगण, जिन माननीय सदस्यों को आज नियम 377 के अधीन मामलों को उठाने की अनुमति प्रदान की गई है, वे अपने मामलों के अनुमोदित पाठ को 20 मिनट के अंदर व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर रख दें।

… (व्यवधान)

Re: Need to construct railway line on Gaya-Rafiganj via Sherghati and Daltonganj

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): पलामू जिला देश के 115 आकांक्षी जिलों में से एक है, एवं प्रगति के पथ पर पिछड़े हुए जिलो में से एक है। इसके बहुत सारे इलाके की जनता रेल की सुविधाओं से वंचित हैं। ऐसे ही एक क्षेत्र में हरिहरगंज एवं छतरपुर, पाटन अनुमंडल का क्षेत्र है। इस क्षेत्र को रेल लाइन से जोड़ने के लिए एवं यहाँ की जनता को रेल सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए गया-रफीगंज वाया शेरघाटी, डालटेनगंज रेल लाइन की स्वीकृति कई वर्ष पूर्व दी गई थी। परंतु आज तक उक्त परियोजना पर धरातल पर काम नहीं हो सका और वह परियोजना मात्र कागजों में सिमट कर रह गयी है। रेल मंत्रालय से पता करने पर इस बात की जानकारी दी जाती है कि अर्थाभाव के चलते इस परियोजना पर अब तक कार्य नही हो सका है। उल्लेखनीय है कि इस क्षेत्र में कई कोयला खदानों में उत्पादन का कार्य प्रारंभ होने वाला है जिसमें सरकारी कोयला की खदानें भी हैं एवं निजी खदानें भी।

इसके अतिरिक्त यह एक नक्सल प्रभावित क्षेत्र है एवं आवागमन की असुविधा रहने के चलते इन पर नियंत्रण पाने में भी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

मेरा एक सुझाव है। यदि रेल मंत्रालय को वस्तुतः राशि की कमी है तो इसकी व्यवस्था CIL एवं गृह मंत्रालय के सहयोग से भी करने के लिए विचार किया जा सकता है क्योंकि यदि ये रेल लाईन बन जाती है तो बिहार एवं झारखंड दोनों राज्यों को फायदा होने वाला है। उपरोक्त पृष्ठभूमि में माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि कृपया इस परियोजना (रेल लाइन) को पुनर्जीवित करने का कार्य करें।

(इति)

Re: Providing electronic gadgets to school children for online education in Delhi

श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली): महोदय आपके माध्यम से सरकार का ध्यान उन बच्चों की तरफ दिलाना चाहता हूं जो कोरोना के कारण स्कूल बंद होने से शिक्षा ग्रहण करने में परेशानी झेल रहे हैं। क्योंकि पढ़ाई ऑनलाइन की जा रही है लेकिन दिल्ली में लगभग 16 lakh बच्चे दिल्ली सरकार के सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं तथा इन बच्चों के निवास गांव में, अनियमित कॉलोनी में, झुग्गी झोपड़ी या जे.जे. कॉलोनियों में है उनमें ज्यादातर के अभिभावक दिल्ली में रोजी-रोटी कमाने, मजदूरी कर गुजारा करने आए हैं वो मोबाइल या टैब का खर्चा उठाने में असमर्थ हैं तथा वहीं पिछले 2 वर्ष से दिल्ली सरकार का नए कमरे बनाना जैसा कार्य भी बंद है करोड़ों रुपए की इमारतें अब काम नहीं आ रही है इसलिए कोरोना काल के बिल्डिंग बनाने वाले फंड का उपयोग सरकार उन बच्चों को मोबाइल या टैब की व्यवस्था कराने में करे। ऐसा मेरा निवेदन है उन होनहार देश के कल का भविष्य खराब ना हो वो अपनी पढ़ाई कर सकें।

(इति)

Re: Supply of covid-19 vaccines on scientific basis

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): कोरोना से बचाव के लिये टीकाकरण में इक्विटी यानी सबको बराबरी से वैक्सीन देने को लेकर भी चर्चा हो रही है। जितनी आबादी है, उसी आधार पर वैक्सीन सप्लाई कर रहे है, तो यह अवैज्ञानिक रणनीति है। दूसरी लहर में ग्रामीण इलाके प्रभावित हुए, पर शहरी इलाकों में हीं ज्यादा मौते हुई। अगर हम वैज्ञानिक तरीके से वैक्सीन पहुंचाना चाहते है तो जहां संक्रमण तेजी से फैला है वहां ज्यादा वैक्सीन देनी चाहिए। सिर्फ बराबरी से वैक्सीन देने के लिये बराबरी न की जाए। इक्विटी और एफीशियंसी अलग चीजें है। शहरों में अगर 70 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हो जाए तो कुल आबादी की असुरक्षा या संवेदनशीलता कम होगी। सबको बराबरी से बांटने से एक जगह वैक्सीन की मारामारी है और दूसरी जगह बच रही है या बर्बाद हो रही है। अतः जहां संक्रमण तेजी से फैला है वहां ज्यादा वैक्सीन देने की रणनीति पर काम करना चाहिये।

(इति)

Re: Need to provide funds for development of Chitrakoot in Madhya Pradesh and set up a Development Board for Chitrakoot

श्री गणेश सिंह (सतना): मैं पर्यटन मंत्री जी का ध्यान चित्रकूट जहां भगवान श्रीराम ने 11 वर्ष अपने वनवास के बिताये थे, की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। राम पथ गमन अयोध्या से चित्रकूट तक सीधा सड़क मार्ग 84 कोसी परिकमा भगवान कामतानाथ परिकमा, गुप्ता गोदावरी, सती अनुसुइया, हनुमान धारा, पवित्र मंदाकिनी गंगा जैसी तीर्थ स्थलों के दर्शन हेतु वर्ष में करोड़ों लोग आते हैं। इन क्षेत्रों के विकास के लिए आपके मंत्रालय द्वारा लागू की गई योजनाएं जैसे प्रसाद योजना, भारत दर्शन योजना, रामायण पथ योजना आदि के तहत चित्रकूट के समय विकास के लिए आवश्यक धनराशि की मांग लम्बे समय से की जाती रही है, जो हिस्सा चित्रकूट का उत्तर प्रदेश में है वहां के विकास के लिए पूर्व में राशि दी गई थी, किन्तु मध्य प्रदेश सतना जिले के अंतर्गत 75 प्रतिशत हिस्से को कुछ भी नहीं दिया गया।

मैं मांग करता हूं कि चित्रकूट के समय विकास के लिए आवश्यक बजट उपलब्ध कराया जाए तथा राज्य ने जो प्रस्ताव भेजा है उसकी जल्द स्वीकृति कराई जाए।

माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि चित्रकूट तीर्थ स्थल जो 2 जिलों तथा 2 प्रांतों में स्थित है वहां के प्रसिद्ध संतों की इच्छा है कि भारत सरकार दोनों राज्यों से बात करके एक संयुक्त विकास प्राधिकरण का गठन करें।

(इति)

Re: Grievances of people displaced due to Tehri dam project

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल): माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल की ओर दिलाना चाहती हूं। टिहरी जिले में स्थित बहउददेश्यीय टिहरी बांध परियोजना से जुड़ी एजेसी सरकारी उपकम टीएचडीसी के अन्य सरकारी उपकम में विलय किये जाने की खबरों से टिहरी बांध विस्थापितों, प्रभावितों तथा पुनर्वासितों सहित उत्तराखंड के जनमानस के मध्य कई प्रकार की आशंकाएं उत्पन्न हो गई है।

टिहरी बांध परियोजना, टिहरी व उत्तरकाशी जनपदों के हजारों परिवारों के राष्ट्रहित में त्याग का प्रतीक है। अभी तक भी टिहरी बांध के विस्थापित परिवारों की अनेक समस्याओं का समाधान होना शेष है। वहीं परियोजना में पूर्ववर्ती टिहरी स्टेट जो वर्तमान में राज्य का हिस्सा है, के हक हकूकों के बारे में भी निर्णय होना है। हरिद्वार और प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ व अर्द्धकुंभ के अवसर पर लगातार सुचारू जलापूर्ति किए जाने में टिहरी बांध रिजर्व जलाशय का योगदान रहता है। पूर्व में भारत सरकार द्वारा गठित हनुमंतराव समिति द्वारा स्वीकृत कई संस्तुतियों जिसमें बांध विस्थापित प्रभावितों को विभिन्न पुर्नवास स्थलों पर निशुल्क पेयजल उपलब्ध कराने तथा रियायती दर पर विद्युत आपूर्ति करवाने के संबंध में अभी तक कोई योजना नहीं बनी है। जिससे बांध विस्थापित प्रभावित अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

मेरा आपसे अनुरोध है कि परियोजना क्षेत्र के आसपास के गांवों को रियायती दर पर विद्युत आपूर्ति की जाए।

(इति)

Re: Pradhan Mantri Awas Yojana in Maharashtra

श्री अशोक महादेवराव नेते (गड़चिरोली-चिमुर): महोदय, वर्ष 2022 तक सबके लिए आवास का कार्य जो मोदी सरकार ने मिशन मोड पर लिया है यह अत्यंत सराहनीय है। उसके लिए मैं कन्द्र सरकार का सहृदय आभारी हूं। प्रधानमंत्री आवास योजना के अतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में अतथा ब वर्गवारी के लाभार्थियों को आवास का आबंटन हो चुका है। किन्तु जिनके नाम ड वर्गवारी में है उनको आवास की मान्यता के लिए रखी शर्तों की वजह से उनके खुद के आवास का सपना अधर में रह सकता है। समय की जरूरतों के अनुसार गरीब लोग मेहनत से कम दामों में किसी अन्य से टू-व्हिलर खरीदकर आजीविका के लिए उसका इस्तेमाल करते हैं, रोजाना मेहनत करक मासिक दस हजार रूपये तक आय कमा लेते है लेकिन आवास बनवाने में मेरे संसदीय जनजाति क्षेत्र में गरीबी के अन्य कारणों की वजह से 5 एकड़ वाला किसान भी आवास नहीं बना पाता।

अतः अध्यक्ष महोदय, आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि ड वर्गवारी लाभार्थियों हेतु कड़ी शर्तों को शिथिल कर उनके खुद के आवास के सपनों को साकार करें।

इसके अलावा प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत नगर परिषद क्षेत्रों में जिन्हें आवास आबंटित हुए है उनके लिए केन्द्र सरकार की ओर से राज्य सरकार को धन का आबंटन किया गया है किंतु महाराष्ट्र राज्य सरकार ने लाभार्थियों को धन का आबंटन अभी तक नहीं किया है जिससे आवास पूर्णतः तैयार होने में दिक्कतें आ रही है। अतः उक्त्त संबंध में महाराष्ट्र सरकार को आवश्यक निर्देश देने की जरूरत है।

(इति)

Re: Flood control measures in Misrikh parliamentary constituency, Uttar Pradesh

श्री अशोक कुमार रावत (मिश्रिख): उत्तर प्रदेश राज्य के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत मल्लावां-बिलग्राम विधान सभा क्षेत्र गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित इलाका है। यहां पर प्रत्येक वर्ष गंगा नदी से बाढ़ आने पर कटरी-परसौला-छिबरामऊ सहित काफी गांवों की न केवल फसल बरबाद हो जाती है, बल्कि उनके मकान भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर वे आवास विहीन हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में कृषि उपज बरबाद होने पर जहां उनकी जीविका का सहारा समाप्त हो जाता है, वहीं वे बेघर भी हो जाते हैं।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह उत्तर प्रदेश के मिश्रिख संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत गंगा नदी से बाढ़ प्रभावित ग्रामों का उच्चीकरण कराने, पानी का फैलाव रोकने, आवासहीन ग्रामीणों को आवास की व्यवस्था कराए जाने तथा प्रति वर्ष आने वाली बाढ़ से बचाए जाने हेतु एक बांध मेंहदीघाट से होते हुए राजघाट सड़िया पुल तक केन्द्रीय आबंटन से बनाए जाने हेतु आवश्यक कदम उठाए और जब तक बांध का निर्माण नहीं होता है, तब तक कटान को रोकने के लिए छोटी-छोटी ठोकर बनवाए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाए। (इति)

